प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का किया विमोचन : कहा– सुशासन के प्रतीक हैं डबल इंजन सरकार के काम।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अयोध्या से शुरू करेंगी अपना तीन दिवसीय प्रदेश दौरा : श्रीराम मंदिर परिसर में करेंगी श्रीराम यंत्र की पूजा–अर्चना।
3. केन्द्रीय कैबिनेट ने बाराबंकी से बहराइच तक 4–लेन राष्ट्रीय राजमार्ग–927 के निर्माण को दी मंजूरी : करीब सात हजार करोड़ रुपये होंगे खर्च।

और

4. कल से शुरू होंगे चत्र नवरात्र : मिर्जापुर के विंध्याचल धाम और बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में भक्तों के लिए किए गए विशेष प्रबंध।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, अन्नदाता किसानों और महिलाओं के

सशक्तिकरण के लिए जो कदम बढ़ाए हैं, वे सब सुशासन के प्रतीक हैं। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं, जिनमें 2 लाख 19 हजार नियुक्तियां केवल पुलिस विभाग में हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस रिफॉर्म लागू किए गए हैं, जिससे सुरक्षा का वातावरण मजबूत हुआ है। बाइट.....

*प्रदेश के अंदर पुलिस में रिफॉर्म किए। पुलिस में सुरक्षा का वातावरण दिया। पुलिस को आधुनिक बनाने का कार्य किया। एफएसएल लैब्स हो, पुलिस का स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट के निर्माण का हो या पीएसी की मृत पड़ी बहाने को फिर से पुनर्जीवित करने का कार्य हो। हमने उन सभी 34 कंपनियों को फिर से पुनर्जीवित करके पहली बार उत्तर प्रदेश पीएसी में तीन महिला बटालियन का गठन किया है।*

————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन कल सुबह अयोध्या पहुंचेंगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनका स्वागत करेंगे। राष्ट्रपति श्रीराम मंदिर परिसर में श्रीराम यंत्र की पूजा–अर्चना करेंगी। इस बारे में जानकारी देते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि कार्यक्रम के लिए केरल की पूज्य माता अमृतानंदमयी अपने एक हजार भक्तों के साथ ट्रेन से अयोध्या पहुंच गई हैं। मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संभ्रांत व्यक्तियों को भी विशेष निमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने

बताया कि मंदिर में दर्शन के लिए कल कोई विशेष पास नहीं बनाया जाएगा। बाइट...

*19 तारीख को किसी प्रकार का विशेष पास दर्शन के लिए नहीं बनेगा। सामान्य जन के दर्शन चलते रहेंगे। नवरात्र से दर्शन की अवधि कुछ बढ़ाई गई है क्योंकि दिन बड़ा हो रहा है, रात छोटी हो रही है।*

अयोध्या से राष्ट्रपति मथुरा रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति मथुरा में कल शाम को इस्कॉन टेंपल और प्रेम मंदिर में दर्शन पूजन करेंगी। दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रपति प्रेमानंद महाराज के आश्रम, बाबा नीम करौरी के समाधि स्थल पर जायेंगी। दौरे के आखिरी दिन राष्ट्रपति गोवर्धन स्थित दानघाटी मंदिर में दर्शन पूजन के साथ गोवर्धन परिक्रमा करेंगी।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में बाराबंकी से बहराइच तक 4–लेन एक्सेस–कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग–927 के निर्माण को मंजूरी दी गई। मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 6 हजार 969 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत वाली यह परियोजना यात्रा गति बढ़ाएगी, जिससे क्षेत्रीय गतिशीलता और सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। बाइट...

*101 किमी का प्रोजेक्ट है। ₹6969 करोड़ का और एक इस पर मेगा ब्रिज बनेगा सिक्स लेन का घाघरा रिवर पर। यह बहराइच से ऊपर रूपाडी उसका डीपीआर भी आगे बन रहा है यानी नेपाल बॉर्डर तक पहुंचने की पूरी*

*व्यवस्था फोर लेन एक्सेस कंट्रोल हाईवे के माध्यम से। यह कंप्लीट जो बारमा की बहराइच, गोंडा, बलरामपुर और नेपाल की तरफ जाने वाला इस रास्ते में इस हाईवे से जो ट्रेवल टाइम है 3 आवर्स वह 1 आवर रह जाएगा, बहुत ही अच्छा इसका बेनिफिट मिलेगा।*

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 33 हजार 660 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ सौ प्लग–एंड–प्ले औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना– भव्या को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने 2026–27 से 2030–31 की अवधि के लिए लघु जल विद्युत विकास योजना को भी मंजूरी दी।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वर्चुअल मौजूदगी में उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के बीच जल जीवन मिशन 2.0 के तहत आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता मिशन के अगले चरण की औपचारिक शुरुआत है, जिसे हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिली थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर नल से जल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना से लाभान्वित होने वाली सबसे बड़ी आबादी प्रदेश की है।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्र सरकार ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें निशुल्क चयन के लिए उपलब्ध कराई जाएं, ताकि यात्रियों को समान अवसर मिल सके। नागर विमानन मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया है कि एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को आस–पास की सीटों पर एक साथ बैठाया जाना चाहिए।

——————————

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से प्रदेश के 250 केंद्रों पर शुरू हो गया। एक अप्रैल तक करीब पौने तीन करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन एक लाख 53 हजार परीक्षक करेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद के अपर सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच जिलों में पारंपरिक व्यवस्था के साथ–साथ यूपी बोर्ड के पोर्टल पर

ऑनलाइन अंक अपलोड किए जाने की व्यवस्था लागू की गई है। बाइट....

*नई व्यवस्था के तहत अबकी जो है पांच जिले हैं प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ और बरेली इनमें हमको को ऑनलाइन अपलोड करने की व्यवस्था भी पहली बार की गई है। दूसरी बात यह कि विगत वर्षों में देखा गया है कि परीक्षकों के स्तर से पुस्तक पुस्तिकाओं के जांचने में त्रुटि हो जाती है तो इस बार वह त्रुटि ना रह जाए इसलिए जो है 15 प्रतिशत कॉपियों को जो है वह फिर से अंकेक्षण द्वारा अंकेक्षण किए जाने की व्यवस्था की गई है और यदि अंकेक्षण में यह पाया जाता है कि परीक्षा द्वारा त्रुटि की गई है तो त्रुटि के अनुपात में ही उनके पारिश्रमिक से कटौती किए जाने के निर्देश उनपर जारी किए।*

————————————

कल से शुरू हो रहे चत्र नवरात्र को देखते हुए मिर्जापुर के विंध्याचल धाम और बलरामपुर के मां पाटेश्वरी देवीपाटन शक्तिपीठ समेत प्रदेश भर के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की सुविधा के लिए खास प्रबंध किए गए हैं। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विंध्याचल मे आज मध्यरात्रि से चत्र नवरात्र मेला प्रारम्भ हो जायेगा। पेश है एक रिपोर्ट......

*माँ विंध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल मे आज मध्य रात्रि से चैत्र नवरात्र मेला प्रारम्भ हो जायेगा। चैत्र नवरात्र के दौरान माँ के दर्शन हेतु कतारबद्ध श्रद्धालुओं को माँ विंध्यवासिनी देवी का लाईव दर्शन कराने की भी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को विन्ध्याचल से उनके गंतव्य तक पहुँचाने के लिये परिवहन विभाग ने 100 से भी अधिक बसों की अतिरिक्त व्यवस्था की है। उत्तर मध्य रेलवे विन्ध्याचल स्टेशन पर 5 जोड़ी अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था की है। विन्ध्याचल से लखनऊ के लिये स्पेशल ट्रेन भी चलाई जा रही है। नवरात्र के दौरान माँ विंध्यवासिनी देवी के चरण स्पर्श पर प्रतिबन्ध रहेगा इस दौरान मंदिर प्रतिदिन 24 घंटे भक्तों के लिये खुला*

*रहेगा। 20 घंटे मंदिर मे श्रद्धालु माँ विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर सकेंगे। 4 पहर की आरती के लिये एक एक घंटे मंदिर के कपाट बंद रहेंगें। एसएम सबा, आकाशवाणी समाचार, विन्ध्याचल मिर्जापुर।*

बलरामपुर के मां पाटेश्वरी देवी पाटन मंदिर में लगने वाले मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बलरामपुर के जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने बताया कि मेले में सुरक्षा, विद्युत , पेयजल , यातायात, चिकित्सा व्यवस्था तथा साफ सफाई की व्यापक व्यवस्था की गई है। बाइट.....

*श्रद्धालुओं को आसानी हो आने–जाने पर इसके वृहद स्तर पर साइकिल लेजर्स की व्यवस्था, ट्रांसपोर्ट में कहीं भी पार्किंग में और व्हीकल्स के निकलने में दिक्कत ना हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था की गई है। सड़क का चौड़ीकरण लगातार इस पर रिन्यूअल कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त मेला क्षेत्र को कुल दो जॉन और 12 सेक्टर में बांटते हुए वहां संबंधित अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। लगभग 1850 स्ट्रॉन्ग पुलिस बल भी हमें प्राप्त हुआ है।*

———————————

प्रदेश के अधिकांश ज़िलां में पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग ने कल के लिए राज्य के पूर्वी जनपदों में  कहीं कहीं हल्की बारिश का अनुमान जताया है। वहीं पश्चिमी जनपदों में बारिश के साथ बिजली और ओले गिरने की आशंका जताई है। 20 मार्च को पश्चिमी क्षेत्र में तेज़ हवाओं के साथ ओले गिरने का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

(समाप्त)